दिन– सोमवार दिनांक– 02 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज औरंगाबाद, डिहरी और सासाराम में शहरी पेयजल आपूर्ति योजना के कार्यआरंभ का शुभारंभ करेंगे।

02. भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान आज से हो रहा है शुरू। बिहार में कल से होगी अभियान की शुरूआत।

03. मौसम विभाग ने कहा – सितम्बर माह में राज्य में सामान्य से कम बारिश की संभावना। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का पूर्वानुमान।

04. और, पेरिस पैरालिपिंक्स में निशाद कुमार ने पुरूषों की ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीता। बैडमिंटन में आज तुला सिमिति मुरगेशन का मुकाबला स्वर्ण पदक के लिये चीन की खिलाड़ी से होगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज औरंगाबाद, डिहरी और सासाराम में शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजना के कार्यआरंभ कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम जल संसाधन विभाग की ओर से डिहरी एनीकट के पास यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधान और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और लघु जल संसाधन और आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री संतोष कुमार सुमन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

---

भारतीय जनता पार्टी आज से राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान शुरू कर रही है। अभियान का शुभारंभ भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी सदस्यता का नवीनीकरण प्रमाण पत्र दिए जाने से होगा। भारतीय जनता पार्टी के सभी वर्तमान सदस्यों को अपनी सदस्यता का नवीकरण कराना होगा। पार्टी संविधान के अनुसार प्रत्येक पांच से छह वर्ष पर सदस्यता अभियान चलाया जाता है। यह अभियान आज से दस नवम्बर तक विभिन्न चरण में सम्पन्न होगा। पहला चरण पच्चीस

सितम्बर को पूरा होगा। मिस्ड कॉल देकर या पार्टी की वेबसाइट या अन्य डिजिटल माध्यमों से सदस्यता ली जा सकती है।

—————————————————————————————

इधर, प्रदेश भाजपा कल से सदस्यता अभियान की शुरूआत करेगी। इस अभियान के तहत राज्य में एक करोड़ चौवन लाख से अधिक सदस्य बनाने के लिए चार स्तर पर निगरानी टोली बनाई गई है। इसमें पांच सदस्यीय प्रदेश स्तरीय सदस्यता निगरानी टीम के नीचे जिले में चार, मंडल में तीन और शक्ति केन्द्र स्तर पर एक सदस्य सहयोगी को अभियान के निगरानी का दायित्व दिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि सदस्यता अभियान केवल सदस्य बनाने के लिए ही नहीं, बल्कि जन–जन तक पहुंचने का अभियान है।

—————————————————————————————

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार गिग और अन्य श्रेणी के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मांडविया ने नई दिल्ली में गिग और अन्य श्रेणी के श्रमिकों के लिए एक समीक्षा बैठक में यह बात कही। एक रिपोर्ट –

———रिपोर्ट———

श्रम मंत्रालय ने गिग और अन्य श्रेणी के श्रमिकों की सुरक्षा के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम का उल्लेख करते हुए बताया है कि सरकार इन श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए विभिन्न तरीकों पर विचार कर रही है। गिग श्रमिक वे हैं जो अल्पकालिक या परियोजना आधारित रोजगार करते हैं। सरकार गिग और अन्य श्रेणी के श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन में सुविधा प्रदान करने के लिए इन श्रमिकों का पंजीकरण, ई–श्रम पोर्टल पर किया जाएगा। सुचारू पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों को एक ऑनलाईन विंडो उपलब्ध कराई जाएगी। सुपर्णा सैकिया आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

—————————————————————————————

राज्य सरकार गेहूं के प्रमाणित बीज किसानों को उपलब्ध करायेगी। कृषिन्नोति योजना के तहत डेढ़ लाख किसानों के बीच साठ हजार क्विंटल गेहूं के प्रमाणित बीज का वितरण किया जाएगा। इसके लिए राज्य स्तरीय बीज विश्लेषण प्रयोगशाला पटना और क्षेत्रीय बीज विश्लेषण प्रयोगशाला कैमूर, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, सहरसा, दरभंगा और मोतिहारी को मजबूत किया जाएगा। इस योजना के लिए बारह करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है।

—————————————————————————————

इस वर्ष अगस्त महीने में वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी संग्रह एक लाख पचहत्तर हजार करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष की इस अवधि के संग्रह एक लाख उनसठ हजार करोड़ रुपये की तुलना में यह दस प्रतिशत अधिक है। रिफंड समायोजित करने से पहले केंद्र सरकार ने तीस हजार आठ सौ बासठ करोड़ रुपये और राज्यों ने अड़तीस हजार चार सौ ग्यारह करोड़ रुपये एकत्र किए हैं।

———————————————————————

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, बीसीईसीईबी ने राज्य के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में द्वितीय चरण के तहत हुई नामांकन प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। बीसीईसीईबी के अनुसार द्वितीय चरण का यह नामांकन जेई–मेन के स्कोर पर हुआ था। इसके तहत प्रमाण पत्रों की जांच और नामांकन प्रक्रिया हुई थी। अब द्वितीय चरण के लिए पुर्नरीक्षित सीट आवंटन सूची आज प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थी पर्षद की वेबसाईट पर जाकर पुर्नरीक्षित सीट आवंटन डाउनलोड कर सकते हैं।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से चौंतीस नये मामले सामने आये हैं। इसमें सबसे ज्यादा सोलह नये मामले पटना से हैं। समस्तीपुर में छह, वैशाली और नालंदा में दो–दो नए मामले सामने आए हैं।

———————————————————————

इधर, स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में मंकी पॉक्स को लेकर परामर्श जारी किया है। विभाग ने लोगों को संक्रमितों के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी है। साथ ही प्रभावित इलाकों में जाने से पहले लोगों को दस्ताना और मास्क का उपयोग करने के साथ नियमित हाथ धोने को कहा है। इस संबंध में राज्य के सर्वेक्षण पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि मंकी पॉक्स के मुख्य लक्षण शरीर पर लाल निशान आना, बुखार और लसिका तंत्रिकाओं में सूजन होना है। उन्होंने इस लक्षण के होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने को कहा है।

———————————————————————

तेल कंपनियों ने व्यवसायिक एलपीजी सिलेंडर की दर उनचालीस रूपये बढ़ा दी है। अब पटना में उन्नीस किलो का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर एक हजार नौ सौ

इकसठ रूपये पचास पैसे में मिलेगा। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है।

———————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ऐसी खबरों का खंडन किया है जिसमें कहा गया है कि कौशल भारत कुशल भारत योजना के तहत ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों की नियुक्ति की जाएगी और लोगों को अट्ठाईस हजार रुपये का मानदेय दिया जाएगा। मंत्रालय ने इस दावे का भी खंडन किया कि नियुक्ति से पहले एक हजार तीन सौ पचास रुपये का पंजीकरण शुल्क देना होगा।

———————————————————————

गोरखपुर–गोंडा रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पाटलिपुत्र–लखनऊ एक्सप्रेस समेत चार ट्रेनों को रद्द किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि तीन से पांच सितम्बर के बीच ग्वालियर–बरौनी अप और डाउन स्पेशल ट्रेन भी रद्द रहेंगी। इसके अलावा अठारह रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन और कई रेलगाड़ियों के परिचालन समय में बदलाव किया गया है।

———————————————————————

बिहार राज्य पर्यटन विभाग ने पितृपक्ष के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गयाजी तीर्थ में पिंडदान कराने के लिए पुरोहितों की ऑनलाइन बुकिंग सेवा शुरू कर दी है। इसके साथ ही पर्यटकों के लिए भी विशेष टूर पैकेज की व्यवस्था की गई है। पितृपक्ष मेला सत्रह सितम्बर से शुरू हो रहा है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि सितम्बर माह में राज्य में सामान्य से कम बारिश की संभावना है। इसके साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने का पूर्वानुमान है। विभाग के अनुसार मॉनसून चक्र के पहले तीन महीनों के दौरान प्रदेश में सामान्य से पच्चीस प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि में तैंतीस जिलों में सामान्य से कम बारिश, जबकि अरवल, औरंगाबाद, गया, नवादा और शेखपुरा समेत पांच जिलों में सामान्य से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। इधर, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण और सीतामढ़ी जिले में कुछ स्थानों पर भारी

बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बूंदाबांदी होने की संभावना है।

———बाईट———

———————————————————————————

गंगा, बूढ़ी गंडक और घाघरा समेत राज्य से होकर गुजरने वाली प्रमुख नदियों के जलस्तर में उतार—चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से उनचास सेंटीमीटर और हाथीदह में अंठावन सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। नदी का जलस्तर भागलपुर के कहलगांव में लाल निशान से चौंसठ सेंटमीटर और साहेबगंज में उनचास सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। इधर, बूढी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से इक्यानवे सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से पंद्रह सेंटीमीटर और कटिहार के कुर्सेला में अड़सठ सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। इधर, सोन, पुनपुन, घाघरा और गंडक नदी के जलस्तर में गिरावट जारी है।

———————————————————————————

राज्य के बाढ़ प्रभावित कई इलाकों में स्थिति में सुधार हो रहा है। लोग अपने घर की ओर लौटने लगे हैं। जिला प्रशासन राहत और बचाव कार्य के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू करने का हर संभव प्रयास कर रहा है। भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रशासन ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवा रहा है। वहीं, खगड़िया जिले में नदियों के जलस्तर में कमी आने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। इधर, कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में महानंदा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से प्रशासन अलर्ट मोड में है।

———————————————————————————

पेरिस पैरालिंपिक्स के चौथे दिन भी भारतीय खिलाडियों का प्रदर्शन अच्छा रहा। एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद—टी 47 स्पर्धा में निशाद कुमार ने दो दशमलव चार मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता। प्रीति पाल ने महिलाओं की दो सौ मीटर टी—35 स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल कर अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। पैरालिपिंक्स में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है। इसमें एक स्वर्ण दो रजत और चार कांस्य पदक हैं। एक रिपोर्ट——

——रिपोर्ट——

---

पटना के बाढ़ में आयोजित राज्य ग्रैपलिंग कुश्ती चैम्पियनशिप का खिताब पटना ने जीत लिया है। बिहार ग्रैपलिंग कुश्ती संघ के तत्वावधान में आयोजित इस चैम्पियनशिप में पूर्वी चम्पारण दूसरे, जबकि वैशाली तीसरे स्थान पर रहा।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – प्रवर्तन निदेशालय ने आईपीएस अमित लोढा के खिलाफ दर्ज किया केस। अखबार लिखता है – पत्नी कुमुदी लोढ़ा के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज।

**दैनिक भास्कर** की बड़ी खबर है – राज्य में बच्चियों को सर्वाइकल का टीका फ्री, एक अक्टूबर से लगेगा वैक्सीन।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – राजमार्गों पर गति सीमा कम करने से पहले राज्यों को लेनी होगी अनुमति।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज औरंगाबाद, डिहरी और सासाराम में शहरी पेयजल आपूर्ति योजना के कार्यआरंभ का शुभारंभ करेंगे।
02. भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान आज से हो रहा है शुरू। बिहार में कल से होगी अभियान की शुरूआत।
03. मौसम विभाग ने कहा – सितम्बर माह में राज्य में सामान्य से कम बारिश की संभावना। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का पूर्वानुमान।
04. और, पेरिस पैरालिपिंक्स में निशाद कुमार ने पुरूषों की ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीता। बैडमिंटन में आज तुला सिमिति मुरगेशन का मुकाबला स्वर्ण पदक के लिये चीन की खिलाड़ी से होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।